PUBLICATION NAME :	Punjab Keasri
EDITION :	Delhi
DATE :	03/09/2022
PAGE:	06

10 हजार हरित कारोबारियों को खड़ा किया

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई) ने घोषणा की है कि उसने 1000 दिनों में देश के 100 जिलों में महिलाओं के नेतृत्व वाले 10,000 हरित कारोबारों को खड़ा करने के लिए कॉर्पोरेट्स के साथ साझेदारी की है। ईडीआईआई की ओर से नई दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक सम्मेलन में यह घोषणा ईडीआईआई के डायरेक्टर जनरल डॉ. सुनील शुक्ला ने की। डॉ. शुक्ला ने कहा कि, 'ईडीआईआई कारीगरों, बुनकरों, महिलाओं के स्टार्ट-अप और बेरोजगारों को उद्यमशीलता और कौशल विकास के प्रशिक्षण की सफलतापूर्वक पेशकश कर रहा है, जिससे उनके लिए स्थायी आजीविका विकल्प हो सके। इस मौके पर ईडीआईआई के प्रोजेक्ट विभाग (कॉर्पोरेट्स) के डायरेक्टर डॉ. रमन गुजराल ने बताया कि ईडीआईआई ने प्रसिद्ध कॉर्पोरेट्स के साथ साझेदारी में माइक्रो स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम (एमएसडीपी) के तहत अनेक इनोवेटिव हरित करोबारों जैसे कि अर्बन टैरेस गार्डनिंग किट, बांस शिल्प, मशरूम की खेती, जैविक उर्वरक, मधुमक्खी पालन और पत्तियों से बने बायोडिग्रेडेबल प्लेट्स,आदि को विकसित किया है।